भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या †174**

उत्तर देने की तारीख 1 दिसंबर, 2025
10 अग्रहायण, 1947 (शक)

# राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं

**174. श्री राजपालसिंह महेंद्रसिंह जादव:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश में आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन प्रतियोगिताओं में राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष - वार कुल कितने खिलाड़ियों ने भाग लिया है;

(ग) उक्त प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने ऐसे खेलों को व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए कोई नीति या दिशा-निर्देश तैयार किए हैं, और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ग) : भारत में राष्ट्रीय चैंपियनशिप और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के आयोजन की जिम्मेदारी संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) की है। खिलाड़ियों की भागीदारी, उनकी संख्या और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से संबद्ध इकाई-वार भागीदारी के संबंध में विस्तृत डेटा संबंधित एनएसएफ द्वारा रखा जाता है। मंत्रालय एनएसएफ को सहायता स्कीम के तहत निर्धारित मानदंडों के अनुसार भारत में राष्ट्रीय चैंपियनशिप और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जैसा कि अनुबंध-I में दिया गया है।

इसके साथ ही, केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम ' खेलो इंडिया' वित्तीय वर्ष 2016-17 से कार्यशील है। इस स्कीम के तहत, खेलो इंडिया यूथ गेम्स, शीतकालीन खेल आदि सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाएँ आयोजित की जाती हैं| स्कीम के तहत आयोजित स्पर्धाओं का विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

(घ) और (ङ): राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तर की खेल प्रतियोगिताएं संबंधित अंतर्राष्ट्रीय परिसंघ द्वारा निर्धारित नियमों और विनियमों के अनुसार संबंधित एनएसएफ द्वारा आयोजित की जाती हैं। अपनी ओर से, मंत्रालय समय-समय पर अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ियों के चयन में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने तथा भारत में राष्ट्रीय चैंपियनशिप और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों को उचित अवसंरचना और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के संबंध में दिशानिर्देश/अनुदेश जारी करता है।

मंत्रालय ने अप्रैल 2015 में एनएसएफ को खिलाड़ियों और अधिकारियों को राष्ट्रीय चैंपियनशिप और भारत में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के दौरान अवसंरचना/सुविधाएं प्रदान करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे। मंत्रालय ने मार्च 2025 में अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का चयन निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश जारी किए। मंत्रालय ने मई 2025 में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और एनएसएफ को राष्ट्रीय खेल और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन और संचालन के संबंध में भी अनुदेश दिए।

*****

**अनुबंध-I**

**'राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं ' के संबंध में श्री राजपालसिंह महेन्द्रसिंह जादव द्वारा दिनांक 01.12.2025 के लिए पूछे गये लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 174 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| **क्रं. सं.** | **टूर्नामेंट का नाम** | **वित्तीय सहायता के मानदंड** | **उद्देश्य जिस के लिए वित्तीय सहायता दी गई** |
|---|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन | **क: उच्च प्राथमिकता वाली खेल विधाओं के लिए**<br>राष्ट्रीय चैम्पियनशिप मानक - सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर/युवा/कैडेट के लिए हर एक के लिए 30 लाख रुपये तक।<br>**ख. प्राथमिकता एवं सामान्य** विधाओं **के लिए-** सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर/युवा/कैडेट प्रत्येक के लिए 25 लाख रुपये तक।<br>ग: एनएसएफ जो दिव्यांग व्यक्तियों से संबंधित हैं, यानी पीसीआई, एआईएससीडी, एसओबी और कुछ पैरा-खेल विधाएं जिनकी देखभाल सक्षम एनएसएफ करते हैं, उनके लिए सभी वर्गों में हर विधा के लिए राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने के लिए 20 लाख रुपये तक। | आवास और भोजन, खेल के मैदान (एफओपी)/खेल सामग्री का किराया, एक्सेसिबिलिटी ऑडिट, सुलभ परिवहन, तकनीकी अधिकारियों और पुरस्कार राशि का भुगतान |
| 2. | भारत में अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों का आयोजन | 1. अधिकतम ₹2.00 करोड़ - एशियाई चैम्पियनशिप, विश्व चैम्पियनशिप, वर्ल्ड कप और अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं के लिए। टूर्नामेंट में कम से कम 12 | i) भोजन, आवास और परिवहन।<br>ii) खेल के मैदानों का किराया |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | देशों और 120 खिलाड़ियों का भाग लेना आवश्यक है।<br><br>2. 1.20 करोड़ रुपये तक - टूर्नामेंट में कम से कम 10 देशों और 100 एथलीटों का हिस्सा लेना ज़रूरी है।<br>3. 80.00 लाख रुपये तक - टूर्नामेंट में 10 से कम देशों और 100 एथलीटों का हिस्सा लेना ज़रूरी है। | iii) उपयोग की जाने वाली सामग्री की लागत<br>iv) प्रमाण पत्र, पदक और पुरस्कार।<br>v) पुरस्कार राशि<br>vi) तकनीकी अधिकारियों/ रेफरी/ अंपायर/ ज्यूरी को पारिश्रमिक और यात्रा का भुगतान<br>vii) होस्टिंग / प्रतियोगिता स्वीकृति शुल्क<br>viii) तकनीकी अधिकारियों/रेफरी/अंपायर/जूरी के लिए वर्दी<br>ix) डोप जांच और कोई भी अन्य कानूनी खर्च<br>x)स्पर्धा बीमा<br>xi) अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के आयोजन के दौरान बिजली खर्च<br>xii) एक्सेसिबिलिटी ऑडिट<br>xiii) सुलभ परिवहन |

**अनुबंध II**

**'राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं ' के संबंध में श्री राजपालसिंह महेन्द्रसिंह जादव द्वारा दिनांक 01.12.2025 के लिए पूछे गये लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 174 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

**खेलो इंडिया गेम्स की जानकारी**

| क्रं. सं. | कार्यक्रम का नाम | भाग लेने वाले एथलीटों की संख्या | बजट (₹ करोड़ में ) |
|---|---|---|---|
| 1. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2020 | 6130 | 47.18 |
| 2. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2021 | 4684 | 40.89 |
| 3. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2022 | 4783 | 47.38 |
| 4. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2023 | 4454 | 36.73 |
| 5. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 | 5286 | 44.18 |
| 6. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2020 | 3166 | 33.44 |
| 7. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2021 | 3894 | 34.97 |
| 8. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2022 | 3613 | 25 |
| 9. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2023 | 3658 | 46.66 |
| 10. | खेलो इंडिया शीतकालीन खेल, 2020 | 955 | 1.92 |
| 11. | खेलो इंडिया शीतकालीन गेम्स, 2021 | 976 | 3.68 |
| 12. | खेलो इंडिया शीतकालीन गेम्स, 2023 | 1178 | 4.80 |
| 13. | खेलो इंडिया शीतकालीन खेल, 2024 | 650 | 20.99 |
| 14. | खेलो इंडिया शीतकालीन खेल, 2025 | 750 | 21.5 |
| 15. | खेलो इंडिया पैरा गेम्स, 2023 | 1068 | 29.31 |
| 16. | खेलो इंडिया पैरा गेम्स, 2025 | 1233 | 34.28 |
| 17. | खेलो इंडिया बीच गेम्स, 2025 | 811 | 12 |
| 18. | खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल, 2025 | 409 | 6 |
| **कुल** | | **47698** | **490.91** |

*****